卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 315 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦27 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# महिला कांग्रेस का एसएसपी कार्यालय कूच, पुलिस से झड़प

## महिला उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, भाजपा सरकार से इस्तीफे की मांग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देव भूमि उत्तराखण्ड में महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं के खिलाफ महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में जनपद सहित विभिन्न क्षेत्रों से आई सैकड़ों पार्टी कार्यकत्रियों ने एसएसपी कार्यालय के समक्ष पुलिस व भाजपा सरकार के विरूद्ध जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान एसएसपी कार्यालय कूच करते समय पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बेरिकेटिंग को पार करते समय श्रीमती रौतेला सहित कई नेत्रियों की पुलिस अधिकारियों से तीखी नोंक झोंक भी हुई। जिस पर सभी महिलाओं ने एसएसपी कार्यालय के मुख्य गेट के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे पूर्व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकत्रियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग से ज्यों ही एसएसपी कार्यालय की ओर जाने का प्रयास किया पुलिस द्वारा रस्सियां लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की गई। लेकिन नारेबाजी करती महिलायें रस्सियों को पीछे करते हुए आगे बढ़ती गई। जिस पर पुलिस द्वारा फिर रस्सियों को लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया गया लेकिन प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला वहां तैनात पुलिस कर्मियों को पीछे धकेलती हुई आगे बढ़ती गई। महिलाओं को आगे बढ़ते देख एसएसपी कार्यालय गेट के आगे बेरिकेटिंग लगा दी गई। जहां प्रदेश अध्यक्ष ने उसे भी पार करने की कोशिश की तो उनकी पुलिस अधिकारियों से तीखी नोंकझोंक हो गई। जिस पर सभी महिलायें वहीं पर ही भाजपा सरकार, पुलिस व भाजपा विधायक के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गई। धरना स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार देश में (शेष पृष्ठ सात पर)

### महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बेहोश

रूद्रपुर। महिला उत्पीड़न के खिलाफ एसएसपी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के दौरान उस समय हड़कम्प मच गया जब महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला बेरिकेटिंग पार करने के दौरान पुलिस अधिकारियों से नोंकझोंक करते समय बेहोश हो गई। उन्हें तत्काल भीड़ से दूर ले जाकर पानी पिलाया गया। कुछ देर के बाद होश में आने पर श्रीमती रौतेला पुन: धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदेश सरकार व पुलिस के खिलाफ गरजने लगी।

### महिला पुलिस पर पिन चुभाने का आरोप

रूद्रपुर। प्रदर्शन रही अनेक महिलाओं ने महिला पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह पुलिस द्वारा लगाई गई बेरिकेटिंग को लांघने की कोशिश कर रही थीं तो बेरिकेटिंग पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने उन्हें पिन चुभोकर पीछे करने की कोशिश की, जो संविधान के विरूद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिलायें शांति पूर्ण अपना विरोध व्यक्त कर रही थी लेकिन उन्हें एसएसपी कार्यालय जाने से रोकने के लिए बेरिकेटिंग लगा दी गई। जो पुलिस की उकसावे वाली कार्रवाई है। इसके बाद भी महिला पुलिस द्वारा महिलाओं को पिन चुभोना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है। वहीं बेरिकेटिंग को लांघने के दौरान कुछ लोगों को हल्की चोटें भी आईं।







# छात्रों का देर रात तक चौकी में हंगामा

## हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज पर छात्र संघ सचिव से मारपीट और अभद्रता का आरोप





लालकुंआ(उद संवाददाता)। हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज के खिलाफ छात्रों ने देर रात हल्दूचौड़ चौकी पर हंगामा किया। छात्रों ने चौकी इंचार्ज पर छात्र नेता के साथ मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाया है। । हंगामा देर रात तक जारी रहा। पूर्व छात्र संघ सचिव महेश बिष्ट ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने पांच साथियों के साथ गोधाम दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी बीच केशव प्लाजा मूवी जोन के पास जब पहुंचे थे तभी एक निजी गाड़ी उनके बगल में आकर रुकी। वाहन से उतरे हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज गौरव जोशी ने बिना कुछ कहे सुने लाठी चला दी। लाठी छात्रसंघ सचिव खजान आर्या को लगी। आरोप है कि इस बीच छात्रों ने मोबाइल कैमरा ऑन करते हुए चौकी इंचार्ज से इसकी वजह पूछी तो वह अभद्रता पर उतारू हो गए और कहा कि जो करना कर लो। मेरा कुछ नहीं बिगाड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

# सिरौली कला को नगर पंचायत बनाने के लिए प्रदर्शन



किच्छा(उद संवाददाता)। सिरौली कला को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग को लेकर लोगों ने सिरौली में प्रदर्शन कर धरना दिया तथा शासन प्रशासन से शीघ्र घोषणा करने की मांग की। सिरौली कला के दर्जनों लोगों ने सिरौली के पूर्व प्रधान नासिर हुसैन अंसारी के कार्यालय पर एकत्रित होकर सिरौली कला को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कहा कि सिरौली को नगर पंचायत का दर्जा देते हुए विकास के कार्य कराया जाएं। इस अवसर पर पूर्व प्रधान नासिर अंसारी ने कहा कि सिरौली कला के विकास हेतु इसको नगर पंचायत बनाया जाना अति आवश्यक है क्योंकि वर्तमान में चर्चाएं हैं कि सिरौली को ग्राम सभा का दर्जा दिया जा रहा है जो कि सिरौली कला के लोगों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में सिरौली कला को नगर पालिका किच्छा में जोड़ दिया गया था तथा उसके बाद सिरौली को नगर पंचायत बनाने की कार्रवाई की गई थी जिसको बाद में सरकार द्वारा निरस्त कर दिया गया था। पुन: नगर पालिका से जोड़ दिया गया था किंतु वर्तमान स्थिति में सिरौली काला को पालिका से पृथक कर दिया गया है तथा यह वर्तमान में ना तो नगर पालिका का हिस्सा ही रह गया है और ना ही नगर पंचायत बन पाया है जिस वजह से अभी तक सिरौली को ग्राम सभा का भी नोटिफिकेशन नहीं मिला जो कि सिरौली कला के निवासियों के साथ सौतेला व्यवहार है। इस दौरान नासिर हुसैन, तौसीफ अंसारी, (शेष पृष्ठ 7 पर)

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# रुद्रपुर कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज

## काशीपुर और सितारगंज में भी पत्रकारों के तेवर तल्ख, सीएम को भेजा ज्ञापन





काशीपुर/सितारगंज(उद संवाददाता)। रुद्रपुर कोतवाल द्वारा पत्रकार दीपक शर्मा के साथ की गई अभद्रता एवं दुर्व्यवहार का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में आज पत्रकार प्रेस परिषद के काशीपुर महानगर अध्यक्ष प्रकाश जोशी के नेतृत्व में संगठन से जुड़े पत्रकारों ने परगना मजिस्ट्रेट अभय प्रताप सिंह की गैर मौजूदगी में उनके पेशकार राहुल जोशी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर आरोपी कोतवाल को तत्काल स्थानांतरित करने की मांग किया। इस घटना को लेकर पत्रकारों में खासा रोष देखा गया। पत्रकारों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो वह सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में मंडल महासचिव मनोज श्रीवास्तव, संरक्षक सुनील कोठारी, उमेश कश्यप, महानगर उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, समाजसेवी अरुण वर्मा, सदस्य बिजेंदर सैनी, मनोज पंत, आदि दर्जनों लोग शामिल रहे। **सितारगंज**- रुद्रपुर कोतवाली में पत्रकार दीपक शर्मा से अभ्रद्रता के खिलाफ क्षेत्र के पत्रकारों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें रुद्रपुर कोतवाल के व्यवहार की निंदा की गई। इस दौरान पत्रकारों के साथ घटित होने वाली इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी पत्रकार (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

# सीएम ने जन्माष्टमी पर सिद्धपीठ हाट कालिका मंदिर में की पूजा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जन्माष्टमी के अवसर पर गंगोलीहाट, पिथौरागढ़ में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव-2024 के समापन समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद सबको सदैव मिलता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए गीता के उपदेश को आधार मानकर ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई नीतियां इसी भाव को दिखाती है कि विकास कार्यों में भेदभाव नहीं करना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनरूत्थान के कार्य किए जा रहे हैं। सीमांत क्षेत्रों का भी विकास हो रहा है। साथ ही भारत को पुनः परम वैभव की ओर ले जाने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर





से अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली धारा 370 को समाप्त कर दिया गया है। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में शुरू की गई योजनाएं लोगों के जीवन को बदल रही है तथा प्रदेश सरकार ने भी उत्तराखण्ड के हित में कई निर्णय लिए है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सिद्धपीठ हाटकलिका मंदिर में माँ महाकाली की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्री महाकाली मंदिर परिसर में एक रुद्राक्ष का पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर आम जनमानस को संदेश दिया कि सभी जनमानस अवश्य एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास हेतु विकासखण्ड बेरीनाग के अंतर्गत चौड़मनिया - कीमतोली मोटर मार्ग पर सेतु निर्माण का कार्य ,राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गंगोलीहाट की चार दिवारी का निर्माण कार्य, राजकीय इंटर कॉलेज गंगोलीहाट के मैदान का चौड़ीकरण तथा गंगोलीहाट में ट्रॉमा सेंटर बनाने की घोषणा की।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज भवन की मरम्मत किये जाने, न्याय पंचायत केंद्र पोखरी में स्थित विद्यालय को उच्चीकृत किये जाने, सरयू तथा रामगंगा के संगम स्थल पनार घाट का सौंदर्यीकरण किए जाने के साथ ही राजकीय महाविद्यालय गणाई में पुस्तकालय का निर्माण किए जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की मातृशक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर आत्मनिर्भर बन रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हमारी महिलाएं विश्वस्तरीय उत्पाद बना रही है। कार्यक्रम में विधायक फकीर राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष पिथौरागढ़ दीपिका बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष पिथौरागढ़ गिरीश जोशी , पूर्व विधायक/प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मीना गंगोला, प्रदेश महामंत्री भाजपा अजय, पूर्व विधायक जिला प्रभारी मंत्री पिथौरागढ़ बलवंत भोरयाल ,निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका गंगोलीहाट जयश्री पाठक, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

# सरकार नहीं गिरती तो गैरसैंण बन जाती स्थाई राजधानी : हरीश रावत

## पूर्व सीएम हरदा ने निकाय चुनाव को लेकर उठाए सवाल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत का स्वराज आश्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान वहां नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश भी मौजूद रहे। स्वराज आश्रम में मीडिया से वार्ता के दौरान गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने के सवाल पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा के ऊपर जुबानी हमला किया है। उन्होंने कहा है कि अगर उनकी सरकार विजय बहुगुणा और उनके साथियों ने नहीं गिराई होती तो उस समय ही गैरसैंण को पूर्ण राजधानी का दर्जा मिल जाता। क्योंकि उनकी सरकार गैरसैंण के विकास को लेकर कई सारी योजनाएं बना चुकी थी। वहीं पूर्व सीएम हरीश



रावत ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने भाजपा और गृहमंत्री अमित शाह से पूछा की नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन पर तो आप सवाल कर रहे हैं ? लेकिन आप भूल गए कि आपने खुद पीडीपी से गठबंध न किया जिसके बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद भी फैला ? हरीश रावत ने फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार मिलेगी। वहां के लोग हमारे गठबंधन के साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए? उन्होंने कहा कि विधानसभा में बिल पारित होने के बाद प्रवर समिति को भेजना संसदीय परंपराओं की अवमानना है। प्रवर समिति को भेजने से पहले इन्हें नया बिल सदन में पेश करना चाहिए था। क्योंकि सरकार प्रदेश में निकाय चुनाव कराने से डर रही है। उसे हार का डर सता रहा है। इसके साथ ही हरीश रावत ने कहा कि राज्य सरकार को एक दिन का विशेष सत्र बुलाना चाहिए और जल्द से जल्द राज्य में निकाय चुनाव कराने चाहिए।

## हरदा के बयान पर बहुगुणा और उनियाल ने किया पलटवार

देहरादून। गैरसैंण स्थायी राजधानी के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने एक बार फिर सियासत गरमा दी है। हरीश ने कहा, मुख्यमंत्री रहते मैं गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाना चाहता था, लेकिन विजय बहुगुणा समेत कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नेताओं ने इसका विरोध किया। कहा मैं चाहकर भी गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित नहीं कर पाया। उनके इस बयान पर पूर्व सीएम विजय बहुगुणा और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने पलटवार किया। कैबिनेट सुबोध उनियाल ने कहा, हरीश रावत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन उनके बयान में आश्चर्यचकित हूं। हम लोग कांग्रेस छोड़कर गए, लेकिन उसके एक साल बाद भी हरीश रावत मुख्यमंत्री रहे। फिर भी उन्होंने गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने का निर्णय क्यों नहीं लिया। उनके बयान में ढलती उम्र का असर साफ दिखता है। हरीश रावत उत्तराखंड में झूठ बोलने की चलती फिरती मशीन है। झूठ बोलकर राजनीतिक गर्त में चले गए और कांग्रेस को भी डुबोने में उनकी अहम भूमिका है। हरीश को वानप्रस्थ आश्रम जाकर संन्यास लेना चाहिए। उधर, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने भी हरीश रावत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस छोड़ कर जाने वाले किसी भी नेता ने गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने का विरोध नहीं किया। भाजपा सरकार ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया है।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने विभिन्न मंदिरों में लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित होकर भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस धार्मिक अवसर को पूरे भक्ति भाव से मनाते हुए कई स्थानों पर दर्शन किए और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। राजेश शुक्ला ने सबसे पहले श्री राधा कृष्ण मंदिर में जाकर भगवान के दर्शन किए और वहां आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद वे श्री बाला जी मंदिर एवं श्री साई मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भक्ति में लीन होकर भगवान की आराधना की। श्री सनातन मंदिर में भी पूर्व विधायक ने श्री कृष्ण की मूर्ति के समक्ष पूजा-अर्चना की और भगवान से क्षेत्र के समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने पुलभट्टा बंगाली कालोनी के श्री राधा कृष्ण मंदिर में जाकर विशेष पूजा में भाग लिया। श्री







शिव मंदिर, गोकुलनगर में भी राजेश शुक्ला ने भगवान शिव और कृष्ण की संयुक्त आराधना की, जहां उन्होंने स्थानीय भक्तों से मुलाकात की और उनके साथ धार्मिक उत्सव में भाग लिया। इसके अलावा, वे लालपुर के श्री सनातन धर्म शिव मंदिर और श्री शिव मंदिर में भी पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। अंत में, उन्होंने संजय कालोनी, पंतनगर के श्री शिव मंदिर में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में भी शिरकत की, जहां वे भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में लीन दिखे। इस अवसर पर राजेश शुक्ला ने कहा, श्री कृष्ण का जीवन हमें सच्चाई, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के इस पावन अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों का अनुसरण करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान उनके साथ धर्मराज जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री नितिन चरण वाल्मीकि, नामित सभासद चंदन जायसवाल, पंडित अरुणेश मिश्रा, पंडित गिरीश जोशी, अमित कश्यप, राजेश कश्यप, बंटी खुराना, किरण मंडल, मलकीत सिंह, सुमित तनेजा, नंदलाल यादव, अजय यादव समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
कुंडली
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

## इस्लामी जनरल नॉलेज के उनवान पर प्रतियोगिता का आयोजन किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।मस्जिद हक्कानी में छोटे बच्चों के लिए इस्लामी जनरल नॉलेज के उनवान पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना मोहम्मद मुस्तफा ने हकम के फ्राइज अंजाम दिए। प्रतियोगिता में करीब 30 बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम मुहम्मद अरहम, द्वितीय मदीहा और तीसरे स्थान



पर मोहम्मद हमजा रहे। आजोजन में मौलाना अबुलदुल बासित, ईमाम शहर मोलना मुकीम, मुफ्ती रिजवान, मेहबूब अली, हाजी तकी, मोहम्मद सलीम, मोहम्म्द आसिफ, मोहम्मद जाकिर सलमानी, मोहमद आरिफ, मोहम्मद समीर, मोहम्मद सुलेमान आदि मौजूद रहे।प्रोग्राम इमाम शहर मौलाना अब्दुल बासित की दुआ पर खत्म हुआ।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# तस्लीम जहां के परिजनों को शीघ्र मिले इंसाफ: हरदा

## गदरपुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कार्यकर्ताओं से की भेंट

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के गदरपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उनका स्वागत किया ।वही हरीश रावत गदरपुर के बुध बाजार स्थित कंबोज धर्मशाला में पहुंचे जहां पर उन्होंने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कार्यकर्ताओं से भेंट करते हुए एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया । जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता अनिल सिंह ने तस्लीम हत्याकांड को लेकर पांच बिंदुओं पर जांच कर कार्यवाही की मांग की जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उच्च अधिकारियों से बात करने की बात कही और कहा जल्द न्याय मिलेगा । आपको बता दे की सोमवार को लगभग दो बजे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत गदरपुर बुध बाजार स्थित कंबोज धर्मशाला पहुंचे जहां पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने पांच सूत्रीय मांगो का एक पत्र उन्हें दिया। पत्र में उन्होंने बताया तस्लीम जहां हत्याकांड की सीबीआई जांच कराई जाए और पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए। दूसरी मांग एडवोकेट प्रशांत सिंह



गोलीकांड के षड्यंत्र कारियो को जल्द गिरफ्तार किया जाए और पुलिस सुरक्षा दिलाई जाए । तीसरी मांग अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग व बंगाली भाषी छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाई जाए। चौथी मांग गुरुचंद ठाकुर वह संत केसर सिंह बंगाली समाज वह राय सिख समाज के छात्रों को उच्च शिक्षा हेतु 2 करोड़ के कोष की तत्काल लागू किया जाए। वह पांचवीं मांग गदरपुर दिनेशपुर मटकोटा मार्ग का नवनिर्माण जल्द कराया जाए । वही हरीश रावत ने सभी मांगों को सुनते हुए उच्च अधिकारियों से वार्ता करने की बात कही। वही मृतक तस्लीम जहां के पिता नफीस ने कहा कि मेरी बेटी के हत्यारे को फांसी होनी चाहिए और मामले की सीबीआई जांच हो जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके । हरीश रावत ने तस्लीम जहां के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उन्हें इंसाफ मिलेगा। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कांग्रेस निरंतर संघर्ष करेगी। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, अनिल सिंह, सलीम बाबा शाकिर अली, मो शादाव,प्रशांत सिंह अमरजीत सिंहए बृजेश चौधरी विल्ल्न, टेकचंद कंबोज, पारस धवन, सत्यम सिंह, अकील सैफी, सुनील बाल्मीकि अशोक ठुकराल खुशरवि बेगम, ममता वर्मा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने विधायक सुमित को बताई समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीराजकीय शिक्षक संघ, उत्तराखण्ड के एक शिष्टमंडल ने विधायक सुमित हृदयेश से उनके आवास पर मुलाकात की। शिष्टमंडल ने अपनी समस्याओं



और मांगों को लेकर एक ज्ञापन प्रस्तुत किया और सदन में उनकी आवाज उठाने का अनुरोध किया।विधायक सुमित हृदयेश ने शिष्टमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं केसमाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे समाज की नींव हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।विधायक ने कहा कि वे सदन में शिक्षकों के हितों की आवाज बुलंद करेंगे और उनके लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस दौरान राजकीय शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष डा.विवेक पाण्डे, रेखा धनिक, गिरीश चन्द्र जोशी, संगीता जोशी, त्रिलोक चन्द्र बृजवासी, गिरीश चन्द्र कांडपाल, हिमांशु पांडेय, डा.दिनेश जोशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जनता संवाद में बेहड़ ने सुनी लोगों की समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)।किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत अपने आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों से भेंट की और उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। प्रात: काल से ही उनके कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा । जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। इस दौरान संतोष रानी निवासी पुरानी गल्ला मंडी वार्ड न-17 ने पति की मृत्यु अपरांत आर्थिक सहायता दिलाये जाने,कच्ची खुमरिया निवासी मुस्ताक अहमद एजाज व अबरार आदि ने 200 मीटर सडक का निर्माण कराये जाने गंगापुर लोहर्रा से दिनेश कुमार ,नाथूराम ,मुकेश कुमार ,लक्ष्मण ,राजू,



गंगाराम,राजेश ,गोमती आदि ने गाँव में मंदिर निर्माण कराये जाने तथा मेसर बेगम वार्ड न-15 निवासी ने राशन कार्ड की समस्या से अवगत कराया तथा जीरो बंदा डाम निवासी भजन सिंह,सुरजीत सिंह,गगनदीप,जीत सिंह,बलवीर सिंह,मोहन सिंह आदि ने गाँव के गुरद्वारे साहिब में लंगर हाल का निर्माण कार्य जाने की मांग विधायक बेहड के समक्ष रखी। विधायक बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकाँश समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया तथा समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री कृष्ण बलदेव मंदिर किच्छा से नितिन शर्मा ,रवि शर्मा सन्नी बजाज, प्रतीक,नवल शर्मा आदि सदस्यों ने विधायक बेहड़ से कार्यालय में भेंट कर उनको जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी व श्री कृष्ण जी का चित्र भेंट कर व पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ओम प्रकाश दुआ ,राम बाबू, गुलशन सिन्धी आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मना बांके बिहारी का जन्मदिन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व यहां सभी मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। लटूरिया आश्रम बरेली रोड़ में प्रस्तुत राधा कृष्ण की झांकी ने सबका मन मोह लिया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर में विधायक सुमित हृदयेश, कमेटी के सतीश अग्रवाल, विपिन गुप्ता, विनय विरमानी, प्रेम जी, राधेश्याम, प्रताप बिष्ट, विजय बत्रा, तरूण बंसल आदि मौजूद रहे। वहीं आंवलेश्वर मंदिर में पं. गोपाल भट्ट द्वारा



श्री कृष्ण भगवान की आकर्षक रंगोली बनाई गई। जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। प्राचीन राम मंदिर में विवेक शर्मा द्वारा श्री कृष्ण की लीलाओं के भजन सुनाये गये। मध्य रात्रि मंदिरों में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

# मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के मनोज सरकार स्टेडियम में स्काय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों और स्कूलों से कुल 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा गया। इस आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाया, बल्कि उन्हें अपने कौशल को और निखारने का अवसर भी प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्काय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने प्रदेश मंत्री विकास शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। विकास शर्मा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई और खिलाड़ियों को प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को केंद्र सरकार की




फिट इंडिया योजना और राज्य में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा चलाई जा रही उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा, ष्ये योजनाएं उभरते हुए खिलाड़ियों को उनके खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और प्रोत्साहन प्रदान करती हैं। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों को अपने कौशल को दिखाने का अवसर देती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, धैर्य और संघर्षशीलता की महत्वपूर्ण शिक्षा भी देती हैं। मुझे विश्वास है कि ये युवा खिलाड़ी भविष्य में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। विकास शर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों के शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन और आत्मविश्वास भी सिखाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता में इब्राहिम, अव्युक्त,दीक्षा, और अंश को गोल्ड, अक्षत, हर्षित, यशवी और आदित् को सिल्वर तथा शिवांश, अर्नव, मिहिर, अन्वी, जयवीर को ब्रोंज पदक मिला । कार्यक्रम का समापन खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों के बीच खेल भावना और सहयोग की भावना के साथ हुआ। स्काय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता ने रुद्रपुर में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति लोगों के उत्साह को एक नया आयाम दिया।





# गांव गांव चलेगा भाजपा का सदस्यता अभियान: चुघ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत शक्ति फार्म स्थित टैगोर नगर के श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गयी ।जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ उपस्थित थे। मुख्य वक्ता चुघ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विशाल परिवार है ,जिनकी संख्या करोड़ों में है और भाजपा का यह परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है ।आज दुनिया का कोई भी ऐसा देश नहीं है जो भारत को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है और कोई भी राज्य इससे अछूता नहीं रहा है ।उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास के पथ पर अग्रसर है और सरकार की हर योजना का लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवा आज भाजपा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं क्योंकि उन्हें अपना भविष्य भाजपा में ही सुरक्षित नजर आता है। उन्होंने कहा की सदस्यता अभियान के तहत प्रत्येक गांव जाकर सदस्य बनाए जाएंगे ।इससे पूर्व उनके वहां पहुंचने पर आयोजन कर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विष्णु पद प्रमाणिक ,मंडल महामंत्री विधान दास, मनोज सरकार ,मयंक अग्रवाल, कार्तिक राय ,सुनील मिश्रा,जगदीश डालमिया ,आदेश ठाकुर ,सुधीर सरकार ,अमित गौड , सनी पासवान ,राज कोली आदि थे।






## आवश्यकता है

श्री वर्धमान किराना मर्चेंट गोल मार्केट रुद्रपुर में **स्टाफ कार्य** हेतु युवकों,युवतियों **एवं कंप्यूटर बिलिंग** के लिए युवकों की

**-संपर्क करें-**

9837491508

# हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पांच मंदिर में खाटू श्याम की भव्य झांकी के दर्शन को उमड़े लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभी मंदिरों में श्रीकृष्ण के जीवन की लीलाओं से सम्बंधित कई मनमोहक झांकियां सजाई गईं। सारा वातावरण हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, श्री राधा कृष्ण भगवान की जय, वृंदावन के कन्हैया की जय आदि जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। मध्य रात्रि मंदिरों में घंटियां बजाकर आरती करने के बाद भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। जिसके पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। शहर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हजारों श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण की भक्ति में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर





श्री सनातन धर्म युवा मंच द्वारा खाटू श्याम जी की भव्य झांकी सजाई गई। गत 19 अगस्त से मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का कथा व्यास प. शास्त्री मनोज पाण्डेय जी वृन्दावन वालों द्वारा समापन किया गया। कार्यक्रम में प. शास्त्री मनोज पाण्डेय जी वृन्दावन वालों द्वारा प्रवचन सत्संग एवं संकीर्तन भी किया गया। मध्य रात्रि 12 बजे श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा श्री कृष्ण का बवतरण दृश्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही श्री सनातन धर्म स्त्री सत्संग सभा द्वारा श्री कृष्ण जन्म पर बधाई गीत गाया गया। जिसके बाद आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर किच्छा के विधायक तिजकराज बेहड़, श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार, नन्दलाल भुड़डी, विजय जग्गा, सुरेश राजदेव,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मनोज छावड़ा, संजीव राव, श्री सनातन धर्म सभा युवा मंच के अध्यक्ष अमित अरोरा बॉबी, राकेश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी,विजय विरमानी, राकेश छावड़ा, गौरव तनेजा, सचिन तनेजा, गौरव बेहड़, राजन राठौर, सुमित बब्बर, गौरव बब्बर, नरेश शर्मा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, पवपन गावा, जुगनू, राजकुमार सीकरी, गौरव जग्गा, शशि अरोरा, सीमा दुनेजा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, राज वर्मा, शिवम जग्गा, मीनू छावड़ा, अश्वनी बजाज, ओमप्रकाश कालड़ा, सुरेन्द्र मिड्डा स्नेहा मिड्डा, रंधीर अरोरा सहित हजारों श्रद्धालू मौजूद रहे।













# भाजपा नेता चुघ ने किया श्री कृष्ण झांकियों का उद्घाटन

## जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचकर दी शुभकामनायें

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में जहां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्साह चारों ओर देखने को मिला। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने चार स्थानों पर जन्माष्ठमी झांकिया को शुभारंभ किया और कई जन्माष्ठमी कार्यक्रमों में शिरकत पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व देश प्रदेश में हर्षोल्लास व आस्थापूर्वक मनाया जा रहा है,क्योकि भारतीय संस्कृति और उसकी आस्था के केंद्र का हजारों साल पुराना इतिहास रहा है। यहीं कारण है कि प्रभु की आराधना से सुख समृद्धि का वास होता है। सोमवार की शाम होते ही सह संयोजक भारत भूषण चुघ अपने टीम के साथ हंस बिहार फेस-दो,दुर्गा मंदिर मुख्य बाजार,दुर्गा मंदिर खेड़ा और दुर्गा मंदिर रूद्रा इन्केलव पहुंचे। जहां उन्होंने फीता काटकर जन्माष्टमी की झांकियों का शुभारंभ किया और पूजा अर्चना की। श्री चुघ ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें दी। इसके बाद भाजपा नेता पुलिस लाइन सहित कई कार्य क्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और आस्था इतनी अटूट है कि देश विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। श्री कृष्ण करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। यहीं कारण है कि देश प्रदेश हर्षोल्लास के साथ जन्माष्ठमी मना रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से सौहार्दपूर्ण माहौल में उत्सव मनाने का आहवा न किया। इस मौके पर विजय भान सिंह,अमित गौड़,राज कोली, किशन बिष्ट राकेश शर्मा रमेश चंद्र रमेश शर्मा पवन पांडेय सुरेंद्र कापकोटी मनोज पंत हरीश भाकुनी अवतार सिंह रमेश शर्मा बहादुर सिंह रावत राकेश शर्मा,रेनू अरोरा,पिंटू पाल, मुरली यादव,प्रीति धीर आदि मौजूद रहे।



























# नगदी और जेवर सहित किशोरी को लेकर युवक फरार

रूद्रपुर । ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को लेकर युवक फरार हो गया। लापता किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवनगर निवासी नन्हे लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रक्षा बंधन पर वह अपने गांव पीलीभीत गया हुआ था, यहां घर पर उसका बेटा और 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री थे। बेटा 18 अगस्त की सुबह ड्यूटी पर चला गया। शाम को वापस आया तो पता चला कि पुत्री घर से गायब थी। घर में चेक किया तो दस हजार की नगदी के अलावा सोने के जेवर आदि भी गायब थे। जब किशोरी की सहेलियों से पता किया तो पता चला कि उसे बिलासपुर मुंडिया खुर्द निवासी पारस पुत्र भगवानदास अपने साथ लेकर गया है। पास के नंबर पर जब कॉल किया तो उसने धमकी देते हुए कहा कि अगर पुलिस के पास गये तो तुम्हारी लड़की को जान से मार दूंगा। किशोरी के पिता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि पारस उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है उन्होंने पुत्री के साथ अनहोनी होने की आशंका भी जताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी और युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में रुद्रपुर का दबदबा

## विजेता खिलाड़ियों को चुघ और छाबड़ा ने किया पुरस्कृत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भूरा रानी स्थित नजारा रेस्टोरेंट में एक दिवसीय पेंचक सिलाट चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य की तमाम जनपदों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस चौंपियनशिप में रुद्रपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा और वह ओवरऑल चौंपियन बने ।सभी विजेताओं को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ और बलदेव राज छाबड़ा ने पुरस्कृत किया। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि खेलों से आपसी सौहार्द बढ़ता है। युवाओं को खेलों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए क्योंकि खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज के युवा जो छोटे–छोटे शहरों से निकलकर खेलों में प्रतिभाग करते हैं आने वाले समय में वह



राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया है और खेलो इंडिया बड़ो इंडिया के नारे के साथ युवाओं को प्रेरणा दी है। छाबड़ा ने कहा कि युवा देश का भविष्य है और खेलों के जरिए युवा आगे बढ़ सकते हैं चुघ और छावड़ा ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संगठन के महासचिव बबलू दिवाकर ने बताया कि पांचवी उत्तराखंड पेंचक सिलाट चौंपियनशिप में रुद्रपुर ओवरऑल चौंपियन बना और पहले स्थान पर रहा। नैनीताल दूसरे और देहरादून तीसरे स्थान पर रहा। वहीं 80 और 85 किलोग्राम वर्ग भार में महिला सीनियर में मनाली राठी ने गोल्ड, कृति गोसाई ने सिल्वर और मीनाक्षी ध्यानी ने कांस्य पदक हासिल किया ।वहीं 65 और 70 किलोग्राम वर्ग भार में उन्नति डंगवाल प्रथम और दीपिका ध्यानी दूसरे स्थान पर रही। इस दौरान सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर केवल किशन भारती सन्नी पुनयानी चन्द्र प्रकाश चूघ अखिलेश शर्मा सन्नी पासवान राज कोली अमित गौड़ विजय सागर शहीद दर्जनों अभिभावक गण व सैकड़ो बच्चे पूरे प्रदेश के उपस्थित थे।

# हिमांशी ने जीती कृष्ण बनो प्रतियोगिता

## अग्रवाल धर्मशाला में धूमधाम से मनाई गयी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अग्रवाल धर्मशाला में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी अग्रवाल युवा संगठन की ओर से आयोजित कृष्ण बनो प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र रही। अग्रवाल धर्मशाला मे आयोजित कृष्ण बनो प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी नीरज अग्रवाल ने किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए मंच पर प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। प्रतियोगिता में हिमांशी अरोड़ा, प्रथम माधवन अरोरा द्वितीय और आर्विक बंसल तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम पुरूस्कार विजेता को पुरूष्कार के रूप में साईकिल एवं रामनगर में पूरे परिवार को नाईट स्टे का पैकेज दिया गया। प्रतियोगिता की विजेता हितांशी अरोरा ने रात्रि 12 बजे सभा परिसर मे केक काटा। रात्रि 12 बजते ही पूरे परिसर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव से माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर





मुख्य अतिथि नीरज अग्रवाल ने अपने सम्बोधन मे अग्रवाल सभा और अग्रवाल युवा संगठन को जन्माष्टमी की शुभकामनाए दी और कृष्ण लीला का दर्शन कर सभी की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। प्रतियोगिता के आयोजन में गुरु मा डेंटल केयर,श्री श्याम जी ट्रेडर्स, हरि इलेक्ट्रॉनिक्स,ठुकराल गारमेंट्स, हरिओम टूर एंड ट्रैवल,द कोटियार्ड, एमएस इंटरप्राईजेज आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन को सफल बनाने पर अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष श्रीओम अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता, अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष श्रीओम अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल,कोषाध्यक्ष मुकुल मित्तल, गजानंद बंसल, ताराचंद अग्रवाल,राजेंद्र तुलस्यान, शिव कुमार बंसल, दीपक बंसल, वैभव मित्तल, साकेत अग्रवाल, अक्षय मित्तल, हरिओम अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, नितिन गोयल, अंकित अग्रवाल,अमन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल,बलराम अग्रवाल, नितेश गुप्ता ,हेमंत गर्ग,नरेंद्र बंसल, गौतम रूंगटा,राधा अग्रवाल, कांता अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, उषा अग्रवाल, पूनम मित्तल, सुषमा अग्रवाल, प्रिया गर्ग, उषा श्याम पुरिया, अंजू बंसल, शालिनी गोयल, नीतू गोयल, सोनल बंसल, मीनाक्षी गर्ग आदि तमामलोग मौजूद रहे।











उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सेल्फी और रील का शौक

तकनीक के विकास के साथ–साथ लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव आना स्वाभाविक है, लेकिन यह भी महत्त्वपूर्ण है कि इसके नतीजे सकारात्मक हों। यह देखने में आया है कि लोगों के बीच सोशल मीडिया के आभासी जगत में रातों–रात लोकप्रियता पाने की भूख लगातार बढ़ रही है। स्मार्ट फोन के कैमरे से हर थोड़ी देर में सेल्फी लेना और रील (कम अवधि के छोटे वीडियो) बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का शौक किशोरों और युवाओं पर इस कदर हावी हो रहा है कि वे इसके लिए अपनी जिंदगी को भी दांव पर लगा देते हैं। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सेल्फी लेने के चक्कर में तीन विद्यार्थियों के गंगा के तेज बहाव में बह जाने की घटना बेहद दुखद है। इनमें एक छात्रा और उसके दो दोस्त शामिल थे, जो बिहार के पटना से वहां घूमने गए थे। सेल्फी लेने या रील बनाने के दौरान हादसे में मौत की खबरें आए दिन आती रहती हैं। कई बार इस तरह की हरकतों के दौरान वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। मगर सोचने की बात यह है कि लोग ऐसी घटनाओं से सबक क्यों नहीं लेते हैं! सोशल मीडिया पर सेल्फी और रील के जरिए चंद लोगों की वाहवाही बटोरने के लिए अपने साथ–साथ अन्य लोगों की जान को खतरे में डालना वास्तव में गंभीर मसला है। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) के विद्यार्थियों की ओर से किए गए एक अध्ययन के मुताबिक, सेल्फी लेने के दौरान दुनिया में होने वाली मौतों के मामले में भारत पहले स्थान पर है। किशोरों और युवाओं में बढ़ती जोखिम भरी प्रवृत्ति पर नियंत्रण पाने के लिए उनके अभिभावकों की भूमिका अहम है। परिजनों को अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि उनकी जिंदगी परिवार वालों के लिए सेल्फी और सोशल मीडिया से ज्यादा जरूरी है। इसके साथ ही शासन और प्रशासन को भी चाहिए कि ऐसे पर्यटन स्थलों पर व्यापक व स्पष्ट तौर पर चेतावनी चस्पां की जाए, जहां सेल्फी लेना जोखिम भरा हो सकता है। सार्वजनिक स्थलों पर नियमों को ताक पर रखकर सेल्फी लेने और रील बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जानी चाहिए। वैसे शौक को उचित नहीं कहा जा सकता, जो किशोरों और युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा हो।

# बेटियों की सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं : कुसुम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अध्यक्ष राज्य महिला आयोग श्रीमती कुसुम कंडवाल ने ऊधम सिंह नगर में महिलाओं के साथ हो रही दुर्घटनाओं का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी ने से घटनाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं व हमारी बच्चियों के साथ जो घटनाएं हुई है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए समाज के हर वर्ग को एवं हम सबको जागरूक होना पड़ेगा। पुलिस, आयोग आदि सभी विंग अपना–अपना कार्य करती है। महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की घटना हो, राज्य महिला आयोग द्वारा तत्काल संज्ञान लिया जाता है और सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल पीड़िता एवं उनके परिजनों को राहत देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के दिये जाते हैं। उन्होंने मदरसे में मौलवी द्वारा छोटी–छोटी बच्चियों के साथ किये गए




कृत्य की निन्दा करते हुए चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब मदरसे जैसी जगहों पर बच्चियां सुरक्षित नहीं है तो हम सबको जागरूक होना होगा कि अपने बच्चों के भविष्य को एक सुरक्षित माहौल दे सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना किसी भी दशा में बर्दाश्त करने वाली नहीं है। उन्होंने एसएसपी को जनपद के मदरसों एवं जहाँ इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही हो ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर वहाँ रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सत्यापन कराएं ताकि ऐसे असामाजिक तत्व हमारे समाज में न घुस पाएं। ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाए, ताकि समाज में अपराधियों के मन मे भय व्याप्त हो और हमारी बेटियां एक सुरक्षित हवा में सांस ले सके। उन्होंने कहा राज्य महिला आयोग हर बेटी, महिला के साथ खड़ा है, देवभूमि में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। यदि किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न होगा तो आयोग उसको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, निहारिका तोमर, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन डीपीओ मुकुल चौधरी आदि उपस्थित थे।

# जिले में जंगल राज, हाशिए पर मित्रता सेवा सुरक्षा

काशीपुर/जसपुर/बाजपुर। प्रदेश की भाजपा सरकार बेलगाम पुलिस अफसरों पर नकेल कसने में विफल साबित हो रही है। अकेले उधम सिंह नगर की बात करें तो प्रभारी निरीक्षक जैसे कई जिम्मेदार अधिकारी विवादों में है। गंभीर आरोपों में घिरे होने के बावजूद इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी जिले में अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। डीजीपी के द्वारा कार्यवाही को लेकर दिया जा रहा आश्वासन संतोषजनक नहीं है। क्षेत्रीय जनता का पुलिस से विश्वास उठने लगा है। लोगों का कहना है कि मित्रता सेवा सुरक्षा के नाम पर जिले में पुलिस आम जनता के बीच आतंक पैदा कर रही है। झूठे मुकदमे में फसाया जाना, जेल भेजना, गाली गलौज मारपीट तथा वर्दी का रौब गांठना यहां आम बात है। मजे की बात तो यह है कि कुछ पुलिसकर्मी भ्रष्ट अधिकारियों की शह पर एक तो चोरी ऊपर से सीनाजोरी वाली कहावत को लगातार चरितार्थ करते हुए अवैध उगाही में लिप्त है। बाजपुर क्षेत्र में जहां एक और सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद अवैध खनन का गैर कानूनी खेल खुली आंख खेला जा रहा है वहीं दूसरी ओर जसपुर क्षेत्र में भी खनन माफिया प्रशासन से सांठगांठ करके फीका नदी के सीने पर कुदाल चला कर भारी तादाद में मिट्टी खनन जैसे गलत व गैर कानूनी कार्य को अंजाम देने में जुटे हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि खनन माफियाओं से स्थानीय पुलिस को सुविधा शुल्क के रूप में मोटी रकम जाती है। बाजपुर कोतवाली क्षेत्र की बन्ना खेड़ा तथा सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी अवैध खनन के मामले में लंबे समय से बदनाम है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र की दोनों चौकिया से राजस्व को प्रतिमाह लाखों का नुकसान होता है।

# धूमधाम से निकाली भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। इंदिरा कॉलोनी शिव मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा निकल गई । इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने यात्रा का शुभारम्भ किया। सभी को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल का आयोजकों ने जोरदार स्वागत किया एवं अंगवस्त्र ओढ़ाया सम्मानित किया। इस अवसर श्री ठुकराल ने कहा जन्माष्टमी का पर्व हर वर्ष श्रद्धा भाव और धूमधाम से मनाया जाता है ठुकराल ने कहा कि धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। धार्मिक पर्वो के पीछे कोई न कोई संदेश छिपा होता है। आज युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से विमुख होकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर भाग रही है। हमें युवा पीढ़ी को पाश्चात्य के अंधानुकरण से रोकना होगा। धर्म की राह चलकर ही हम अपनी संस्कृति को बचा सकते हैं। इस दौरान जगदीश सुखीजा ,राजकुमार भुसारी, हरबंस लाल ठुकराल ,सुरेंद्र सिंह सरजू, मोहन अरोड़ा ,यशपाल गुलाटी ,बिट्टू अरोड़ा ,लकी सुखीजा,पारस गाव , शालू, जगदीश हड़िया, बंटी कोली, ललित सिंह बिष्ट आदि लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

गूलरभोज(उद संवाददाता)। शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कृष्ण और राधा के रूप में आए बच्चों ने जमकर डांस किया और सभी बच्चों को पुरस्कार भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मोहन पवार डॉ. कुलदीप रघुवंशी, महेंद्र पानू, बाबूराम, राजीव गुप्ता, हरीश छाबड़ा, तारा जल्होत्रा, संजीव कुमार, सतीश चुघ, अमित कुमार गुप्ता, लक्ष्मण गिरि, मुकेश, राजभर मन्नू, रिंकू, दिनेश आदि उपस्थित थे।



# स्टार्ट इंस्टीट्यूट में धूमधाम से मनी श्री कृष्णा जन्माष्टमी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने बड़े धूमधाम से जन्माष्टमी महोत्सव मनाया । कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर माधवी अवस्थी एवं संस्था अध्यक्ष श्रीमती सीमा गुणवंत ने दीप प्रज्वलित कर श्री कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना की इसके उपरांत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक



कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस उपलक्ष में बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता व मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें सभी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।इस अवसर पर संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर माधवी अवस्थी, संस्था अध्यक्ष श्रीमती सीमा कांडपाल, श्रीमती निधि अग्रवाल, श्रीमती शकुंतला मेहता, श्रीमती पुष्पा त्रिपाठी, श्रीमती प्रेमा पुजारी, संगीता सरकार ,अभिभावक व विशेष आवश्यकता वाले बच्चे उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनायी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां एक ओर श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की तो भाई नगर में स्थित सभी मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था तथा रात्रि में कई मंदिरों में भगवान कृष्ण के विभिन्न रूपों की जहां एक और झांकियां का प्रदर्शन कलाकारों द्वारा किया गया तो वहीं मंदिरों में भगवान कृष्ण की कथा के बाद रात को 12बजे भगवान कृष्ण का जन्म होने के बाद श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन के माध्यम से भगवान कृष्ण का आह्वान किया तथा माखन और मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया झांकियां में जहां एक और कोसी रोड पर बाबा बर्फानी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही तो वही भवानीगंज स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में भी राधा कृष्ण का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा श्रद्धालुओं द्वारा कलाकारों का भी उत्साह वर्णन किया गया।



# स्कॉलर्स वैली स्कूल के छात्रों ने जीते स्टेट स्क्वाय चैम्पियनशिप मेडल

सितारगंज (उद संवाददाता)।स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने स्टेट स्क्वाय चौम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। तेजवीर सिंह और सिमरप्रीत सिंह ने रजत पदक (सिल्वर) हासिल किया। जबकि जैवियर सिंह, असीस कौर, और दिव्यांशअग्रवाल ने कांस्य पदक (ब्रॉन्ज) अपने नाम किया। शानदार उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक, पलविंदर सिंह औलख ने सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि इन प्रतियोगिताओं में छात्रों की भागीदारी उनके जीवन में महत्वपूर्ण




भूमिका निभाती है। प्रधानाचार्या, कमलजीत कौर औलख ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उनके प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय के शिक्षक शिवचरण सिंह, जिन्होंने इन छात्रों को इस प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। इस दौरान को प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख ने बधाई दी और उनके समर्पण की प्रशंसा की। उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल जीवन की कामना की। वहा पर वाइस कॉर्डिनेटर सुखवंत कौर ,सिमरनप्रीत कौर अर्षदीप सिंह,अनुपम दुबे, गीता तिवारी ,रमन कौर ,हेमा भट्ट, मनोज बोरा, रौनक खान रवनीत कौर ,अमित भट्ट ,आनंद राजपूत ,गुरदेव सिंह ,जानकी रावत ,कविता भट्ट ,मनीषा, एकता, विशाल बिष्ट ,प्रदीप कौर आदि उपस्थित रहे।



गदरपुर में मीडिया क्लब द्वारा आयोजित कृष्ण बनो प्रतियोगिता कार्यक्रम के दृश्य।

# जन्माष्टमी पर देर रात तक मंदिरों में रही रौनक

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई तथा सभी भक्तों ने मंदिरों में भव्य आयोजन किया। देर रात्रि तक सभी मंदिरों मंदिरों में भक्तों द्वारा कृष्ण के नाम का गुणगान करते हुए नगर को पूर्ण रूप से भक्ति मय बना दिया। संपूर्ण नगर को तथा नगर में स्थित सभी मंदिरों को सुंदर ढंग से सजाया गया था जिससे अर्धरात्रि में भी दिन के उजाले का एहसास हो रहा था। पुरानी मंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा । यहां देर रात्रि तक भक्तों ने श्री कृष्ण के गुणगान करते हुए उनके प्राकट्य दिवस पर हर श्री कृष्ण की लीलाओं का गुणगान करते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। नगर के सुनहरी स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में सभी मूर्तियों को भव्य रूप से सजाया गया। इसके अलावा शुगर फैक्ट्री स्थित शिव मंदिर, बंडिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर, महाराणा चौक पर स्थित हनुमान मंदिर ,डीडी चौक पर स्थित हनुमान मंदिर, आवास विकास स्थित कृष्ण मंदिर ,पुरानी गल्ला मंडी स्थित कृष्ण मंदिर, किच्छा कोतवाली स्थित राधा कृष्ण मंदिर, तहसील प्रागंण में स्थित हनुमान मंदिर के अलावा नगर के विभिन्न वार्डों में स्थित सभी छोटे-बड़े मंदिरों को भक्तों के द्वारा भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिरों में जहां नगर के हजारों भक्तों ने अपना शीश नवाया वही नगर के सामाजिक राजनीतिक संगठनों के नेताओं ने भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर जहां नि वर्तमान पालीका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, अशोक मिश्रा, नितिन शर्मा, केवल हुड़िया द्वारा आवास विकास स्थित कृष्ण मंदिर में माथा टेका वहीं विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ द्वारा भी नगर वासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी गई इसके अलावा नगर में भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना गोल्डी गोरिया वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल सामाजिक नेता संजीव खन्ना सनातन धर्म सभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुभाष तनेजा, सुदेश कक्कड़ सहित तमाम लोगों ने नगर वासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।





# उत्कृष्ट कार्यों के लिए विद्युत विभाग के एसडीओ को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। विद्युत विभाग के एसडीओ को नगर की योगा टीम द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर प्रशस्ति पत्र दिए जाने पर कान्हा के बाल रूप का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं योग टीम के कार्यकर्ताओं ने रुद्रपुर रोड स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में एसडीओ डीसी गुरुरानी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए जहां उन्हें सम्मानित किया वही डी सी गुरुरानी से नगर में विद्युत व्यवस्था एवं वोल्टेज की समस्या को भी दुरुस्त करने की मांग की। क्षतिग्रस्त विद्युत पोलो को भी बदलने की मांग करते हुए वरिष्ठ व्यापारी नेता प्रमोद ठुकराल में कहा कि विगत 3 वर्षो से डीसी गुरुरानी द्वारा विद्युत विभाग का कार्यभार संभालने के उपरांत नगर में विद्युत व्यवस्था दुरस्त होती जा रही है। तथा विद्युत कटौती में बहुत ज्यादा गिरावट आई है उन्होंने कहा कि वह आगे भी एसडीओ डीसी गुरुरानी से उम्मीद लगाए हैं कि जो भी कमियां शेष रह गई है वह भी उनके कार्यकाल में व्यवस्थित कर दी जाएंगे। उपस्थित व्यापारियों और योगा टीम के सदस्यों द्वारा सम्मानित करने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए कहां कि नगर के तथा आसपास के सभी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं इसके लिए जहां क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने का कार्य किया जा रहा है वही ओपन खुली विद्युत लाइनों को फाइबर लाइनों में बदला जा रहा है ताकि विद्युत लाइनों में फाल्ट आने के दौरान करंट फैलने से होने वाली जनहानि को रोका जा सके इस अवसर पर मुख्य रूप से व्यापारी योग टीम के सदस्यों में राजा सुखीजा, वेद गोयल, राकेश मल्होत्रा, प्रमोद ठुकराल, सुखबीर सिंह बेदी, राजकुमार सेतिया राजू राजू सेतिया, राजकुमार तनेजा, सी एस मिगलानीआदि लोग उपस्थित थे।



# सरफराज ने बचाई दलदल में फंसी गाय की जान

गदरपुर(उद संवाददाता)। पीपल पड़ाव जंगल में घूमने गए युवकों ने दलदल में फंसी एक गाय की जान बचाई जिनका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को गदरपुर निवासी सरफराज (सर्फू) अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए गए हुए थे जब वह पीपल पड़ावजंगल से गुजर रहे थे तो उन्होंने देखा कि एक बेजुबान गाय दलदल में बुरी तरह से फंसी हुई थी जिसे देखकर सरफराज सर्फू ने गाड़ी रोकी और अपनी टीम के साथ कपड़े उतार कर दलदल में घुस गए और एक रस्सी के सहारे घंटे भर की मशक्कत के बाद दलदल में फंसी गाय को बाहर निकाला इन युवाओं को गाय को दलदल से बाहर निकलते हुए किसी एक मित्र ने वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोग उनके इस काम की सराहना भी कर रहे हैं।



# भाजपा सदस्यता अभियान के लिए सौंपी जिम्मेवारियां

खटीमा (उद संवाददाता)। सदस्यता अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक मंडी समिति सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 31 अगस्त को सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की सदस्यता स्वयं ही समाप्त हो जाएगी। उसके उपरांत 1 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। विश्व में सबसे अधिक सदस्यों वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान



के लिए 1800002024 नंबर पर मिस कॉल करने के उपरांत सदस्यता फार्म प्राप्त होगा जिसमें सदस्यता लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी विस्तृत जानकारी अपलोड करने के बाद भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्राप्त होगी। सदस्यता अभियान के लिए रमेश जोशी को विधानसभा संयोजक संतोष अग्रवाल को नगर संयोजक, श्रीमती इंदिरा चांद को महिला मोर्चा संयोजक, मनोज वाधवा को सदस्यता अभियान नगर सहसंयोजक, अमित जोशी को युवा मोर्चा सदस्यता अभियान संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष जीवन धामी एवं संचालन नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला मंत्री सतीश गोयल, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह, गंभीर सिंह धामी, नवीन बोरा, किशन सिंह, अंजु देवी, कामिल खान, प्रकाश आर्य, अमित पांडे, महामंत्री भुवन भट्ट, संजय पिलख्वाल, हाफिज उर रहमान, सतीश भट्ट, अमित चिलकोती, करण यादव, राहुल सक्सेना, मनोज चुफाल, नीलू गुप्ता, सूरज धामी, दीपक सामंत, गंगा चोहान, कपिल सामंत, अनवर अहमद, उपस्थित रहें।

# श्री शिव शक्ति मंदिर में धूमधाम से मनायी जन्माष्टमी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव शक्ति मंदिर सभा व शिव शक्ति युवा मंच द्वारा गत रात्रि मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व इस मौके पर मंदिर में कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन केया गया जिसमें हितांशी अरोरा प्रथम, माधवन अरोरा द्वितीय तथा आर्विक बंसल तृतीय स्थान पर रहे। विजेता सहित सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। मध्य रात्रि आरती के बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और अंत में प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर नरेश अग्रवाल, भूपेन्द्र चौधरी, डीडी गुप्ता, अभय गोयल, गगन दुडेजा, संदीप नारंग, करन, नितिन वर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**महिला कांग्रेस का एसएसपी ...**महिलाओं के सम्मान की सुरक्षा करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है वहीं देवभूमि उत्तराखण्ड में भी भाजपा शासन में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा ने सत्ता की बागडोर संभाली है महिला अपराध तेजी से बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर अनेक मामलों में भाजपा सरकार आरोपियों को संरक्षण प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित कर रही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में मासूम बच्चियों से लेकर महिलायें खुद को असुरक्षित महसूस करने लगी है। श्रीमती रौतेला ने अंकिता भंडारी, तस्लीम जहां की हत्याओं के साथ ही प्रदेश के अन्य स्थानों पर हुए महिला अपराध ों का जिक्र कर भाजपा सरकार से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि जनपद पुलिस महिला अपराधों को खुलासा करने में महज लीपापोती कर रही है। किसी भी महिला अपराध को पुलिस गंभीरता से नही लेती है। महिलाओं को अन्य कई वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। महिलाओं ने बाद में एसएसपी को ज्ञापन भी दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, उपाध्यक्ष नाजमा शेक, मीना शर्मा, मोनिका ढ़ाली, पूजा सिंह, जया कर्नाटक, चन्द्रा जोशी, अजीता शर्मा, रेखा सोनकर, सपना गिल, मंजू जैन, पूनम गुप्ता, सुमन पंत, काजल गंगवार, शीला चौधरी, काजल चौहान, मिरोज, शबीना बेगम, सहाना, नूरजहां, जरीना, आमीन,गुड्डू, आशा बी, शबाना, सोनू शर्मा, माया देवी, नत्थो देवी , सुनीता, हरप्यारी, रोली, सुनीता कश्यप, ममता शर्मा, श्वेता शर्मा, सुनीता सैनी, जुनेदा बेगम, मेसर, मालती मौर्य आदि मौजूद थीं।

**रूद्रपुर कोतवाल के खिलाफ...**सुरक्षा अधिनियम बनाने की मांग की। मंगलवार को क्षेत्र के पत्रकार हनीफ बाबा, अविनाश श्रीवास्तव, दीपक भारद्वाज, नारायण सिंह रावत की अगुवाई में एसडीएम रविंद्र कुमार जुवांठा के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि रुद्रपुर कोतवाली में पत्रकार दीपक शर्मा से 15 अगस्त को कवरेज के दौरान कोतवाल ने बिना वजह दुव्यवहार किया। सारी घटना कोतवाली में लगे सीसीटीवी में कैद भी हो गई। स्थानीय पत्रकारों ने आरोप लगाया कि रुद्रपुर कोतवाली पुलिस पत्रकार दीपक शर्मा के खिलाफ द्वेषभावना पूर्वक कार्य कर रही है। जिससे पत्रकार दीपक शर्मा और उनका परिवार भयभीत है। उन्होंने कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ होने वाली इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त पत्रकार सुरक्षा अधिनियम बनाए जाने की मांग की। इस मौके अविनाश श्रीवास्तव, नारायण सिंह रावत, दीपक भारद्वाज, राहुल कनौजिया, अबरार पटौदी, हनीफ बाबा, रमेश यादव, कासिम अंसारी, कफील अहमद, अतुल शर्मा, विकास गुप्ता, गुरदीप सिंह, हरी मोहन राणा आदि मौजूद थे।

**छात्रों का देर रात तक...**पाओगे। इसके बाद जोशी लाठी फटकारकर गालीगलौज करने लगे। बेवजह पुलिस की ओर से की गई मारपीट से नाराज छात्र चौकी पहुंचकर धरने पर बैठ गए। मामले की जानकारी मिलने पर दर्जनों छात्र भी चौकी पहुंच गये। छात्रसंघ सचिव खजान आर्या ने कहा कि अगर दोषी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड और तबादला नहीं किया तो वह आमरण अनशन करेंगे। हंगामा बढ़ने पर ग्राम प्रधान हरेंद्र असगोला और रुक्मणी नेगी के अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल के पुत्र हेमवती नंदन दुर्गापाल भी मौके पर पहुंच गये। इस बीच कोतवाल दिनेश फर्त्याल मय फोर्स पहुंचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन छात्र चौकी इंचार्ज गौरव जोशी को निलंबित करने पर अड़ गए। देर रात तक चौकी में हंगामा जारी रहा।

**सिरौली कला को ..**अफसार कुरैशी, अनीस अहमद, जलीस अहमद, बाबू सलमानी, अबरार अहमद, शाहिद अहमद, मोहम्मद जाकिर, यूनुस कुरेशी, शाहिद अंसारी, ताहिर अंसारी, आसिफ अंसारी, मोहम्मद अथर, शहादत अली, मोहम्मद उमर, नन्हे मंसूरी, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद सद्दीक, शाहिद कुरेशी, नईम अंसारी, शकील शाह, वकील शाह, जाहिद अंसारी, मुखिया अंसारी, फारूक अंसारी उपस्थित थे।


### सूचना

सूचित किया जाता है मैंने पॉलिटैक्निक इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा वर्ष 2020 (अनुक्रमांक 17117080009) शहीद मेजर कमलेश पाण्डे गवर्नमेंट पॉलिटैक्निक, बाड़ेछीना, जिला-अल्मोड़ा से उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद, रूड़की के अंतर्गत संस्थागत परीक्षार्थिनी के रूप में उत्तीर्ण की है। मेरे उक्त पॉलिटैन्कि डिप्लोमा प्रमाण पत्र की मूल प्रति रूद्रपुर में गिरकर कहीं गुम हो गयी है जो कि काफी तलाश के बाद भी नहीं मिल पायी।

लीला जोशी पुत्री विजय कुमार जोशी, निवासी-ग्राम बाड़ेछीना (पाण्डेतोली) पोस्ट-बाड़ेछीना, जिला-अल्मोड़ा,उत्तराखण्ड

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र जयदेव मिस्त्री पुत्र स्व. पॉचू मिस्त्री एवं पुत्रवधु मधु बाला मिस्त्री पत्नी जयेदव मिस्त्री आये दिन मेरे साथ दुर्व्यवहार करते हैं, जिससे दुखी और परेशान होकर मैंने दोनों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और दोनों से अपने सारे नाते रिश्ते समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में दोनों अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

-सविता मिस्त्री पत्नी स्व. पॉचू मिस्त्री निवासी-ग्राम आजाद वार्ड नं0-1, नगर पंचायत शक्तिगढ़, शक्तिफार्म, सितारगंज, उधम सिंह नगर


# शक्तिफार्म में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया

शक्तिफार्म (उद संवाददाता) क्षेत्र के निर्मल नगर के भारती देवी जूनियर हाई स्कूल मे कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें नगर में झांकियां निकाली गई एवं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कृष्ण राधा कंपटीशन आयोजन किया गया ।जिसमे प्रथम जूनियर स्तर में हंसी और वंशिका,प्राइमरी स्तर में ध्रुव और प्रतीक्षा रही। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक विश्वजीत सरकार सचिव तरुण कुमार प्रधानाचार्य हेमंत गाईन उपप्रधानाचार्य कनिका जी, सहायक अध्यापक प्रकाश, रीमा,प्रियंका, मीनाक्षी, मीना, राहुल, मनीष, पूनम आदि मौजूद थे।

# जाकिर हुसैन ने कठर्रा से ठोकी बीडीसी की दावेदारी



सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर पालिका चुनाव के साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का भी बिगुल बज चुका है। जाकिर हुसैन ने कठर्रा क्षेत्र पंचायत से चुनावी दावेदारी ठोक दी है। जिस पर उन्हें क्षेत्रीय लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जाकिर हुसैन ने बताया कि लंबे समय से वह कठर्रा से क्षेत्र पंचायत की तैयारी में जुटे हुए हैं। लगातार वह क्षेत्रीय लोगों के संपर्क में हैं। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्रीय लोगों का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धार्मिक आयोजनों से समाज में बढ़ता है भाईचारा: शिव

## विधायक शिव अरोरा ने पुलिस लाईन में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी की झांकियों का किया शुभारंभ




रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होकर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। विधायक शिव अरोरा ने पुलिस में अयोजित कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम मे पहुँचे जहाँ उन्होंने जिला अधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मंजुनाथ टीसी के साथ दीप प्रजलित कर कार्यक्रम का शुभारंम किया। वही जगह जगह कृष्ण स्वरूप मे सजायी गयी राधा कृष्ण स्वरूप झांकी के दर्शन किये तो वही बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गयी रंगा रंग धार्मिक प्रस्तुति का आनंद लिया ओर बच्चों को मैडल पहनाकर उनको सम्मानित किया। विधायक शिव अरोरा गंगापुर रोड स्थित कौशल्या इंक्लेव पहुँचे, जहाँ आयोजन समिति व सोसायटी द्वारा विधायक को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया, ऐसी हीं खेड़ा बाके बिहारी मंदिर, रमपुरा, अग्रसेन धर्मशाला, अलौकिक वाटिका, ग्रीन पार्क सहित अनेको जगह कार्यक्रम मे शामिल हुए। कृष्ण के जन्मोत्सव के समय विधायक शिव अरोरा एलाइंस कॉलोनी मे अयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम मे शामिल हुए जहाँ विधायक शिव अरोरा ने श्रींकृष्ण जन्मोत्सव पर बाल स्वरूप श्रीकृष्ण के साथ केक काटकर भगवान कृष्ण का प्रकट दिवस को पूरे हर्षोल्लास से मनाया । विधायक ने पूजा अर्चना कर श्रींचरणों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह सनातन धर्म की ताकत है जो हिन्दू समाज एकजुटता के साथ अपने धार्मिक आयोजनों मे बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान डॉ सीमा अरोरा , राजकुमार चौधरी, राज कुमार मुंजाल, राजेश डाबर, दिवाकर पाण्डेय, प्रमोद शर्मा, बिट्टू चौहान, मुकेश पारीक, डम्पी चोपडा आदि लोग मौजूद रहे।



# दुर्गा मंदिर में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में दुर्गा मंदिर गली स्थित श्री दुर्गा मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयेजित किये गये। वहीं मंदिर को भव्य रोशनी व फूलमालाओं से सजाया गया था। मंदिर में आये श्रद्धालुओं द्वारा लड्डू गोंपाल भगवान श्री कृष्ण को सुसज्जित पालकी में सजाकर उन्हें झूला दिया गया। इस मौके पर मंदिर में कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसका शुभारम्भ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मध्य रात्रि मंदिर में आरती की गई और श्री कृष्ण जी जन्म धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, कृष्ण लाल नारंग, गुलशन गोयल, कृष्ण मुरारी धीर, दिनेश कुमार गुप्ता, अलका गंभीर, मुन्नी अरोरा, वर्षा रानी, विद्या रानी, बृजभूषण कक्कड़, सुमन लता, संजय कोली, प्रदीप मदान, श्याम सुन्दर मदान, वेद ठुकराल, संजय जुनेजा, मनोज छावड़ा, संदीप राव, राजेश कामरा, जुगनू आदि मौजूद थे।






# ठुकराल ने जन्माष्टमी के कार्यक्रमों का किया शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने बीती शाम शहर और आस पास के कई स्थानों पर कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। ठुकराल ने वार्ड नंबर 16 शुभ डील्स कॉलोनी ,वार्ड नंबर एक रूद्र एनक्लेव , राधा कृष्ण मंदिर ट्रांजिट कैंप ,वार्ड नंबर 2 राजा कॉलोनी मंदिर,श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर सिंह कॉलोनी, इस्कॉन मंदिर सिटी क्लब ,खेड़ा की बाल्मीकि नगर सहित अग्रवाल सभा अग्रवाल धर्मशाला में पहुंच कर जन्माष्टमी के कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। प्रभु के विभिन्न स्वरूपों में सजाई गई झाँकियों में दर्शन कर शीश नवाकर क्षेत्र में सुख स्मृद्धि एवं शांति की कामना की ।इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल का आयोजकों ने स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर श्री ठुकराल ने कहा जन्माष्टमी का पर्व हर वर्ष श्रद्धा भाव और धूमधाम से मनाया जाता है। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। धार्मिक पर्वो के पीछे कोई न कोई संदेश छिपा होता है। आज युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से विमुख होकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर भाग रही है। हमें युवा पीढ़ी को पाश्चात्य के अंधानुकरण से रोकना होगा। धर्म की राह चलकर ही हम अपनी संस्कृति को बचा सकते हैं। दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल ने भी शीश नवाया एवं सभी क्षेत्रवासियों को मंगलकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान भारत भूषण चुघ ,पूर्व मेयर रामपाल सिंह,अनिल चौहान, मनोज गुप्ता (रजिस्टर्ड सचिव), मंदिर कमेटी के (अध्यक्ष) सुशील यादव, (सचिव) युगल किशोर, (कोषाध्यक्ष) शुभम गुप्ता, आकाश गुप्ता, रोहित यादव, मोहित निषाद, गजानंद, जय भारत, सुखदेव, मुरली, राम अवतार, शंभू मौर्य, श्री देवी निषाद, पंडित सत्यनारायण, देवकी बिष्ट , अर्चना राय , दीपा मोदी, मधु सिंह , रीता सक्सेना , निशा सिंह, छवि अग्रवाल , रजनी भंडारी अर्चना सिंह , संजय सिंह , प्रदीप सक्सेना ,मनीष गोस्वामी , हरि ओम शुक्ला, आशुतोष राय, बीके शर्मा, आदित्य राय, सार्थक, आयुष, रिदिमा, खुशी, पीहू,शुभ, दिव्या, रिद्धि, मंजरी,निहारिका, शगुन, वरदान,पुचु, तृषा, माधव,डुग्गू, अद्विक, हनी, बनी, सुनील चौहान, अजयेंद्र गहलोत,हुकुम सिंह,राजेंद्र अग्रवाल, सुशील चौहान,अशोक गोयल, आदेश राणा, हीरा बल्लभ पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह,अक्षय गहलोत,सुरेखा चौहन,अनीता गहलोत,पूर्व प्रधान विमला देवी, आर पी पाण्डेय,राजेंद्र रावत,अजय चौहान,संजय गहलोत, तरुण गहलोत, वरुण,हिमांशु, चौहान,गीता,मधु,खूब सिंह,पंडित दुर्गा शरण बाजपेई, सत्य प्रकाश गुप्ता,हिमांशु शुक्ल, मनीष पाण्डेय, मनीष शुक्ल, संजय,विनीत आदि मौजूद थे।






